**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## TEACHER'S MEET ORGANIZED AT J.C. BOSE UNIVERSITY

**FARIDABAD(TIT NEWS) :** The Staff Club Committee of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad organized a Teacher's Meet before the Summer Vacations. The Vice-Chancellor Sushil Kumar Tomar was the chief guest at the program organized in the Shakuntalam auditorium. Congratulating the members of the Staff Club he said that such a program promotes brotherhood and harmony. He urged the members of the Club to celebrate all National and others cultural festivals with the same fervor.



Such a culture in the University will inculcate the same spirit in students, only then the purpose of the Staff Club will be meaningful. Registrar Dr. Sunil Kumar Garg also congratulated the team members of the Staff Club. The presentation of self-written poem by Staff Club Patron Sweety Tomar left everyone stunned. The entire auditorium resonated with applause on the flute playing based on the patriotic song presented by Assistant Professor Dr. Sitaram. Prof Rajesh Ahuja presented an English Poem which was appreciated by all. At the end of the program, President of the Staff Club Committee Prof. Tilak Raj expressed gratitude to the all staff and said that this club will continue to organize similar programs in future also. The program was well organized by the Club Vice President Prof Anju Gupta, Secretary Dr Suraj Goyal, Co-Secretary Arti Singh and Treasurer Dr Anurag Gour.

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस में मनाया शिक्षक मिलन समारोह

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के स्टाफ क्लब ने शिक्षक मिलन समारोह मनाया।

शाकुंतलम सभागार में आयोजित शिक्षक मिलन समारोह में बतौर मुख्याथिति पहुंचे कुलपति सुशील कुमार तोमर ने स्टाफ क्लब के सदस्यों व उपस्थित जन को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाई-चारा एवं सौहार्द स्थापित होता है। भारतीय संस्कृति को कायम रखने के लिए सभी त्योहार एवं राष्ट्रीय पर्व भविष्य में सभी मिल-जुल कर मनाएं। एक दूसरे का उत्साह वर्धन कर प्रेमपूर्वक वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। ऐसे भाव का विद्यार्थी भी अनुसरण करेंगे तभी स्टाफ क्लब का मूल उददेश्य सार्थक होगा।

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में शिक्षक मिलन समारोह मनाया

**आज समाज नेटवर्क**



फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के स्टाफ क्लब द्वारा शिक्षक मिलन समारोह मनाया गया। शाकुंतलम सभागार में आयोजित शिक्षक मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कुलपति सुशील कुमार तोमर ने स्टाफ क्लब के सदस्यों व उपस्थित जन को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाई-चारा एवं सौहार्द स्थापित होता है। भारतीय संस्कृति को कायम रखने के लिए सभी त्योहार एवं राष्ट्रीय पर्व भविष्य में सभी मिल-जुल कर मनाएं। एक दूसरे का उत्साह वर्धन कर प्रेमपूर्वक वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। ऐसे भाव का विद्यार्थी भी अनुसरण करेंगे तभी स्टाफ क्लब का मूल उद्देश्य सार्थक होगा। कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग ने भी इस नए क्लब की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्टाफ क्लब संरक्षक स्वीटी तोमर द्वारा स्व लिखित कविता की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। सहायक प्राध्यापक सीताराम द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीत पर आधारित बांसुरी वादन पर समस्त सभागार तालियों से गुंजायमान हो गया। प्रो राजेश आहुजा ने अपनी अंग्रेजी की कविता से उपस्थित साथियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष प्रो तिलक राज ने सभी स्टाफ के पहुंचने पर आभार प्रकट किया और कहा की यह क्लब इसी तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन क्लब उपाध्यक्ष प्रो अंजू गुप्ता , सचिव डॉ सूरज गोयल , सह-सचिव आरती सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ अनुराग गौड़ द्वारा किया गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# PUNJAB KESARI

## ऑनलाइन ईएमएफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी)। जे. सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाई.एम.सी.ए., फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दूरसंचार विभाग के सहयोग से मोबाइल टावरों से विकिरण के खराब स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में मिथकों को दूर करने के लिए एक ऑनलाइन ईएमएफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री अमर रेलन, निदेशक, डीओटी ने इस विषय पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति देते हुए छात्रों को समझाया कि मोबाइल टावरों से निकलने वाले विकिरण गैर आयनकारी विकिरण हैं और उत्सर्जन का स्तर डीओटी, भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीमा से नीचे है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित स्तरों का 1/10वां हिस्सा है। उन्होंने बताया कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा सेल्फ सर्टिफिकेशन के अलावा, टावरों से निकलने वाले रेडिएशन लेवल की डीओटी टीमों द्वारा रैंडम तरीके से जांच की जाती है। अत: यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है । श्री अमर रेलन ने इस अवसर पर मोबाइल टावरों से संबद्ध होने वाले फ्रॉड्स के बारे में बताते हुए कहा कि कुछ एजेंसियां/व्यक्ति आम जनता को मोटा मासिक किराया देने का वादा करके धोखा देते हैं और उन्हें अपने खाते में सुरक्षा जमा आदि के रूप में पैसा जमा करने के लिए कहते हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल टावर लगाने के लिए परिसर को किराए पर देने में डीओटी/ट्राई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है। यदि कोई एजेंसी/व्यक्ति टावर की वास्तविक स्थापना से पहले अग्रिम या आवेदन शुल्क या किसी भी रूप में पैसे के लिए पूछ रहा है, तो जनता को अतिरिक्त सावधानी बरतने और कंपनी की साख को सत्यापित करने के लिए आगाह किया जाता है। उन्होंने बताया की कोई भी टीएसपी या आईपी किसी भी कर के भुगतान के लिए या किसी अन्य कारण से कोई अग्रिम राशि या कोई पैसा नहीं मांगता है। यदि किसी व्यक्ति को ऐसी कोई धोखाधड़ी अथवा गतिविधि के बारे में सूचना मिलती है, तो वह स्थानीय पुलिस अधिकारियों को घटना की रिपोर्ट कर सकता है और दूरसंचार विभाग की स्थानीय फील्ड इकाई से भी संपर्क किया जा सकता है। डॉ. सोनम खेड़ा, सुश्री नीतू गुप्ता और सुश्री गुंजन सरदाना द्वारा यह विशेषज्ञ व्याख्यान हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था।

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# DAINIK JAGRAN

## एप के जरिये संस्कृत का प्रचार-प्रसार करेगी जेसी बोस यूनिवर्सिटी

अभिषेक शर्मा • फरीदाबाद

- जेसी बोस यूनिवर्सिटी के देश का पहला संस्कृत भाषा पर आधारित वार्ता एप किया तैयार
- संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए देश की विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ किया जा रहा है एमओयू

जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने संस्कृत भाषा के प्रेमियों को एक प्लेटफार्म प्रदान किया है। यूनिवर्सिटी के स्टार्टअप एवं इंक्यूबेशन सेंटर के इंचार्ज अजय शर्मा एवं विभिन्न स्ट्रीम छात्रों ने वार्ता नाम से एक एप तैयार किया है। यह एप देश विदेश की राजनीति, खेल, मनोरंजन से जुड़े समाचारों को संस्कृत भाषा में उपलब्ध कराता है। इस एप में समाचार के अलावा संस्कृत प्रेमी अपनी भावनाओं को कविता, लेख, आलेख के माध्यम से व्यक्त भी कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी का दावा है कि विश्व में यह एक ऐसा मात्र प्लेटफार्म है, जो संस्कृत प्रेमियों के लिए तैयार किया गया है। इससे पहले किसी ने भी संस्कृत के उत्थान की दिशा में कार्य नहीं किया है। यह एप जेसी बोस (वाईएमसीए) इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो.विक्रम सिंह की देखरेख में तैयार किया गया है। यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रों ललित फौजदार, बीटेक छात्रा निशम, हिमांशु, यशस्वी, सीमा, रचना प्रतुल ने एप के निर्माण में प्रमुख रूप से सहयोग किया है।



जेसी बोस इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो.विक्रम सिंह और स्टार्टअप के इंचार्ज अजय शर्मा एप को लेकर आपस में चर्चा करते हुए • जागरण

संस्कृत कई भाषाओं की जनक है और उत्तर भारत में संस्कृत को समझने वाले बहुत ही कम लोग बचे हैं। अजय शर्मा ने बताया कि अपनी संस्कृति को बचाने के लिए संस्कृत का प्रचार प्रसार करना बहुत ही आवश्यक है। इस एप से देश के बड़े संस्कृत भाषा के विद्वानों को जोड़ा गया है। सेंट्रल संस्कृति यूनिवर्सिटी पुरी ओडिशा के डा.शुभ्रत सारंगी, हरिद्वार से प्रदीप कुमार पांडेय को जोड़ा गया है, ताकि संस्कृत प्रेमियों को बिल्कुल शुद्ध संस्कृत पढ़ने को मिले। इसके अलावा जिले के एक निजी विद्यालय में पढ़ाने वाली डा.मीना चक्रवर्ती बतौर ट्रांसलेटर के रूप में कार्य कर रही हैं।

**विश्वविद्यालयों को भी जोड़ने की है योजना :** अजय शर्मा ने बताया कि संस्कृत के पुनरुत्थान के लिए तैयार किए गए इस एप में देश के उन सभी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किए जा रहे हैं, जिनमें संस्कृत पढ़ाई जाती है। विश्वविद्यालय अपने यहां की विभिन्न गतिविधियों में अपलोड कर सकेंगे। एक बार सभी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो जाने के बाद वह संस्कृत में विभिन्न जानकारियां आदान प्रदान कर सकेंगे।

**विदेश में किया जाएगा भाषा का प्रचार:** उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती की रिपोर्ट के अनुसार देश में पांच करोड़ बच्चे संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हमारे देश में पर्याप्त संस्कृत के आचार्य हैं। इस एप के जरिये ग्लोबल स्तर पर संस्कृत का प्रचार प्रसार किया जाएगा। विदेशों में रहने वाले लोग संस्कृत पढ़ना व लिखना चाहते हैं, लेकिन वहां अध्यापक नहीं हैं। हमारे अध्यापक यहां आनलाइन माध्यम से विदेश में बैठे छात्र को संस्कृत पढ़ा सकेंगे।

### ऐसे लोगों का बढ़ेगा रुझान

अजय शर्मा के अनुसार, संस्कृत के पतन का मुख्य कारण आनलाइन प्लेटफार्म पर समसामयिक कंटेंट का नहीं होना है। खबरों के माध्यम से समसामयिक कंटेंट डाले गए हैं। इसमें एक खबर क्षेत्रीय भाषा के साथ संस्कृत में भी होती है। नए छात्रों को जोड़ने के लिए एप में पहली से स्नातक तक का पाठ्यक्रम भी अपलोड किया जाएगा, जोकि बिल्कुल निश्शुल्क होगा। इसके अलावा वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत, गीता, अर्थशास्त्र, नाट्य शास्त्र सहित विभिन्न शास्त्र भी एप पर उपलब्ध रहेंगे।

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# AMAR UJALA

## विवि में छात्रों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने मोबाइल टावरों से विकिरण पर ऑनलाइन ईएमएफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डीओटी के निदेशक अमर रेलन ने छात्रों को समझाया कि मोबाइल टावरों से निकलने वाले विकिरण गैर आयनकारी विकिरण हैं और उत्सर्जन का स्तर डीओटी भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीमा से नीचे है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित स्तरों का 1/10वां हिस्सा है। टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा सेल्फ सर्टिफिकेशन के अलावा टावरों से निकलने वाले रेडिएशन लेवल की डीओटी टीमों द्वारा रैंडम तरीके से जांच की जाती है। संवाद

## विवि में शिक्षक मिलन समारोह

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शिक्षक मिलन समारोह मनाया गया। शाकुंतलम सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता है।

ऐसे भाव का विद्यार्थी भी अनुसरण करेंगे। तभी स्टाफ क्लब का मूल उद्देश्य सार्थक होगा। क्लब संरक्षक स्वीटी तोमर ने कविता प्रस्तुति की। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:02.06.2022**

# HINDUSTAN

## वाईएमसीए में मिलन समारोह का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में स्टाफ क्लब की ओर से शिक्षक मिलन समारोह मनाया गया। संस्थान के शाकुंतलम सभागार में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति सुशील कुमार तोमर ने सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने भी इस नए क्लब की टीम को शुभकामनाएं दीं।